गाजियाबाद: गठिया बाय की दवा के नाम पर बेच रहे थे स्टेरॉयड, 8 लाख के कैप्सूल जब्त

गाजियाबाद के मोदीनगर में औषधि विभाग ने गठिया बाय की नकली दवाइयां बनाने और बेचने वाले बड़े गिरोह का भंडाफोड़ किया है. इस कार्रवाई में करीब 8 लाख कैप्सूल और भारी मात्रा में दवाइयों की पैकिंग सामग्री जब्त की गईं. औषधि निरीक्षक आशुतोष मिश्रा के अनुसार, मोदीनगर के मानवता पुरी इलाके में एक गोदाम में नकली दवाइयां तैयार की जा रही थीं. इन कैप्सूल में स्टेरॉयड (डेक्समैथाजॉन) और दर्द निवारक दवाइयों (फेनिलबिटाज़िन और पाईरॉक्सीकेम) का मिश्रण भरा जा रहा था. इन दवाइयों को गठिया बाय की दवा के नाम पर ग्रामीण इलाकों में सप्लाई किया जाता था.

Source: https://www.aajtak.in/uttar-pradesh/story/fake-arthritis-medicine-steroid-racket-busted-ghaziabad-lclar-strc-2118929-2024-12-11